Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh

कक्षा- दसवीं

विषय- हिन्दी व्याकरण शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : सरस हिन्दी व्याकरण नौ-दस

उपविषय - अनेकार्थक शब्द

सुप्रभात प्यारे बच्चो।

आज हम कक्षा दसवीं की हिन्दी व्याकरण की पाठ्य पुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण नौ- दस की पृष्ठ संख्या -266 पर दिए अनेकार्थी शब्दों पर चर्चा करेंगे।

बच्चो! पिछली कक्षा में आपने अनेकार्थी शब्द एक से पैंतीस तक किए थे। इस बार हम 36 से 70 तक करेंगे।

अनेकार्थी शब्द

नग - नगीना, पर्वत।
नायक - नेता, मार्गदर्शक सेनापति।
पत्र - पत्ता, चिट्ठी, पृष्ठ, पंख।
पद - पैर, शब्द, छंद, पदवी, अधिकार, स्थान, भाग, गीत।
पतंग - सूर्य, उड़ाने वाली पतंग, पक्षी, शलभ।
प्रसाद - आशीर्वाद, कृपा, हर्ष।
पट - वस्त्र, किवाड़, कपास, पर्दा।
पूर्व - पहले, पिछला, पुराना, एक दिशा।
प्रकृति - कुदरत, स्वभाव, मूलावस्था।
फल - फल, नतीजा, चाकू का फल।

CS CamScanner

कक्षा - दसवीं    विषय - हिन्दी व्याकरण

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

बल - शक्ति, सेना, बलराम ।
मत - नहीं, राय, संप्रदाय ।
मार - पीट, कामदेव ।
मुद्रा - मोहर, सिक्का, मुख का भाव ।
मूल - जड़, आधार, असल, धन ।
योग - जोड़, व्यायाम, मेल, ध्यान ।
रस - जड़, निचोड़, खट्टा - मीठा, आनंद ।
राशि - धन, समूह, तुला, मेष आदि राशियाँ ।
रोगी - विकल, पीड़ित, व्याकुल, आतुर, उत्सुक ।
वर - वरदान, दूल्हा, श्रेष्ठ ।
वर्ण - रंग, अक्षर, ब्राह्मण आदि चार वर्ण ।
वार - आक्रमण, दिन ।
विधु - चंद्रमा, ब्रह्म, वायु ।
विधि रीति, ब्रह्मा, भाग्य, ईश्वर ।
विषम कठिन, संकट, असमान ।
सोना स्वर्ण, शयन ।
स्नेह प्रेम, तेल, चिकनाहट ।
सूत धागा, सारथी ।
हर शिव, हर लेना ।
हरि सूर्य, विष्णु, इंद्र, सिंह, सर्प, बंदर, पर्वत ।
हार हारना, फूलों की माला ।
हेम सोना, बर्फ ।
हल समाधान, उत्तर, खेत जोतने का यंत्र ।
क्षेत्र स्थान, अधिकार, भू-क्षेत्र ।

बच्चो! आपकी पुस्तक में दिए अनेकार्थी शब्द समाप्त हो चुके हैं। सभी इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे ।

CamScanner

कक्षा - दसवीं

विषय - हिन्दी व्याकरण

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

गृहकार्य

सभी छात्र सरस हिन्दी व्याकरण की पृष्ठ संख्या - 267 एवं 268 पर दिए अनेकार्थी शब्दों को अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद भी करेंगे। इस कार्य को सभी सुन्दर लिखाई में करेंगे।

धन्यवाद।

[अंतिम पृष्ठ]

CamScanner